आंदोलन — महिलाएं बोलीं-नेताओं के वादे 'लॉलीपाप' साबित हो रहे

# शराब दुकान हटाने की मांग पर 35 दिन से धरना





**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट में महिलाएं 35 दिनों से शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रही हैं। 41 डिग्री तापमान के बावजूद वे तपती धूप में धरना दे रही हैं।

आंदोलनकारी महिलाओं का कहना है कि क्षेत्र में नगर पालिका अध्यक्ष, विधायक, सांसद और आयोग सदस्य तक महिलाएं हैं, फिर भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। नेताओं ने मौके पर पहुंचकर वादे किए और तस्वीरें खिंचवाईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

अप्रैल में नगर पालिका अध्यक्ष ने दुकान की जर्जर हालत की जांच कराने की बात कही थी। हालांकि, मई का महीने में भी नगर पालिका के इंजीनियरों ने दुकान का निरीक्षण करने की जहमत नहीं उठाई।

आंदोलनकारी महिलाओं का मानना है कि नेताओं के वादे 'लॉलीपाप' साबित हो रहे हैं। महिला सीमा उपलपवार ने बताया कि 35 दिनों के लगातार आंदोलन के बावजूद किसी भी नेता का आश्वासन पूरा नहीं हो सका है।

आंदोलन कर रही एक महिला उपलपवार ने कहा कि महिलाएं तब तक आंदोलन से नहीं हटेंगी, जब तक शराब दुकान को हटाया नहीं जाता। उन्होंने नेताओं को याद दिलाया कि आगामी 2027 के चुनावों में उनका वोट उसी उम्मीदवार को मिलेगा, जो शराब दुकान हटवाएगा। इस बीच, आंदोलन स्थल पर महिलाओं ने स्वरोजगार के तहत बड़ी और पापड़ बनाने का काम भी शुरू कर दिया है।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित



**नवभारत, बैहर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान प्राणेश कुमार प्राण के निर्देश में दिनांक 16 मई 2026 को सुरेन्द्रसिंह गुर्जर जिला न्यायाधीश बैहर की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बैहर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर के माध्यम से माननीय न्यायाधीश महोदय के द्वारा उपस्थित डॉक्टर्स एवं नर्ससेश एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं को मोटरयान अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई, इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बैहर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर अनंत लिल्हारे प्रभारी बीएमओ बैहर के द्वारा बताया गया की एक मरीज जिसका नाम धुपसिंह पिता इतवारी मरकाम उम्र 22 वर्ष ग्राम-झाको पोलिसचौकी - पाथरी थाना-बैहर को सर्पदंस के कारण अस्पताल में लाया गया था ।

परिवारजन के द्वारा बताया गया था की उक्त व्यक्ति को दिनांक 15.05.2026 को समय लगभग दोपहर 1.30 बजे सांप के द्वारा काटा गया था किन्तु परिवारजन के द्वारा उसके ईलाज हेतु अस्पताल न ले जा कर झाड़-फुंक वाले बाबा (पंडा) के पास ले गये किन्तु इलाज उक्त व्यक्ति के स्वास्थ्य में कोई सुधार नही दिखने पर उसे शाम को लगभग 5.30 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बैहर लाया गया जहां पर डॉक्टर अनंत लिल्हारे एवं नर्सिग ऑफिसर - नविता मरठे की देखरेख में उचित दवाई देकर ईलाज किया गया जिससे मरीज के स्वास्थ्य में सुधार आ गया।

श्रीमान सुरेन्द्रसिंह गुर्जर जिला न्यायाधीश बैहर के द्वारा आम जनता से अपील की गई है की यदि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार के सांप के कांटने पर मरीज को तुरंत सीधे नजदीकी अस्पताल लेकर जाएं किसी झाड़-फुक वाले बाबा के चक्कर में न पड़े।

## युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थानातंर्गत धनवंतरी नगर की कृष्ण विहार कॉलोनी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक का शव मकान के अंदर मिला। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची संजीवनी नगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और मर्ग कायम कर पूरे मामले को जांच में लिया है। मृतक की पहचान अखिलेश लोधी के रूप में हुई है, जो पेशे से फोटोग्राफी का काम करता था। बताया जा रहा है कि अखिलेश धनवंतरी नगर स्थित कृष्ण विहार कॉलोनी में अपने दोस्त सिद्धार्थ के साथ किराए के मकान में रहता था। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं मामले में मृतक के भाई आकाश लोधी ने हत्या की आशंका जताई है।

# विश्व संग्रहालय दिवस : विश्व का एकमात्र इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट जहां नैरोगेज डीजल इंजन, बोगी, गार्ड का डिब्बा स्थापित है

**नवभारत, बालाघाट।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर 18 मई 2026 को पुरातत्व संगोष्ठी-काव्य गोष्ठी, पुरस्कार समारोह दोपहर 1 बजे से आयोजित किया गया है। तदसंबंध में डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार, संग्रहाध्यक्ष, इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय ने कहा कि पुरातत्व संग्रहालय में 10 वीं से 18 वीं शती तक की पुरातात्विक महत्व की प्रतिमाओं, छायाचित्रों, दुर्लभ अवशेषों, सिक्कों, बैलगाड़ी, लूना, स्कुटर, ग्रामाफोन, रिकार्ड्स, टाइप रायटर, टेप रिकॉर्ड आदि को संग्रहित किया गया है। स्थानीय पुरातत्व संग्रहालय छोटा जरुर है, लेकिन नैरोगेज डीजल इंजन, बोगी, गार्ड डब्बा स्थापन के परिदृश्य में इस इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय को विश्व में जाना जाता है, इसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए श्रीमती अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट ने विकास निधि से टीन शेड निर्माण कर अलौकिक कार्य किया है। इसके अतिरिक्त संग्रहालय में अनेकों सम्पदाओं को संरक्षित किया गया है। भविष्य में पुरातत्व संग्रहालय वृहद स्तर पर विभिन्न गैलरियों में विकसित किया जाना प्राधिकृत है। यही भावी पीढ़ियों से अपेक्षा करता हूँ। डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष ने जन समूहों से अपेक्षा की है, कि जिनके पास





दुर्लभ अवशेष, वस्तुऐं रखी हो तो इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट सप्रेम भेंट कीजिए, सुरक्षित रखा जाएगा और उन्हें सम्मानित भी किया जायेगा।

# पोस्ट-डॉक्टरेट फेलोशिप के लिए डॉ . शशांक पटेल चयनित

**प्रदेश के पहले शोधार्थी जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों एवं कूटनीति के क्षेत्र में यह विशेषज्ञता हासिल की**



**नवभारत, बालाघाट।** एक बार फिर बालाघाट क्षेत्र के चिचगाँव निवासी डॉक्टर शशांक पटेलने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों एवं कूटनीति के क्षेत्र में झण्डा गाड़ते हुए विश्वप्रसिद्ध नेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटी - हायर स्कूल ऑफ ईकनामिक्स, मॉस्को, रूस में पोस्ट-डॉक्टरेट फेलोशिप हेतु अपना स्थान पक्का कर लिया है। ऐसा करने वाले वह मध्य प्रदेश के पहले शोधार्थी बने। इस से पहले भी वर्ष 2025 में उन्होंने प्रदेश की पहली अंतर्राष्ट्रीय संबंधों एवं कूटनीति में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया था। अंतर्राष्ट्रीय मानकों द्वारा नेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटी को रूस के सर्वोत्तम विश्वविद्यालयों की श्रेणी में प्रथम स्थान पर रखा जाता है। ऐसे में डॉ. पटेल का इस उत्कृष्ट संस्थान में चयन होना, संपूर्ण जिले एवं राज्य के लिए गौरव की बात है।

# सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी के छात्र ने अंतरराष्ट्रीय स्पेस साइंस प्रतियोगिता में हासिल की ऑल इंडिया रैंक-1

**नवभारत, वारासिवनी।** वारासिवनी स्थित सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी के प्रतिभाशाली छात्र मयंक मात्रे ने INTERNATIONAL SPACE SCIENCE COMPETITION (ISSC) 2026 में ऐतिहासिक सफलता हासिल कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं गणित संकाय (अंग्रेजी माध्यम) के छात्र मयंक मात्रे ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर 'ग्रैंड विनर' का खिताब अपने नाम किया।

मयंक की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ उनका चयन FREE NASA EDUCATIONAL TOUR (USA) के लिए भी हुआ है। यह शैक्षणिक भ्रमण संभावित रूप से सितंबर 2026 में आयोजित किया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता GoyGuru द्वारा आयोजित एक वैश्विक स्पेस साइंस प्रतियोगिता है, जिसमें देशभर के स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी भाग लेते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना एवं वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना है।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार छात्र मयंक मात्रे ने यह सफलता संस्था के शिक्षक प्रवीण राणा के मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रयासों से प्राप्त की है। श्री राणा, जो जीवविज्ञान विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षक हैं, ने छात्र को प्रतियोगिता की तैयारी में विशेष सहयोग प्रदान किया।

मयंक की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मयंक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सिविल अस्पताल केंद्र लांजी में बंद पड़ी सोनोग्राफी मशीन को चालू कराने की मांग

**नवभारत, लांजी।** तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना लिखीराम कावरे जी के द्वारा सिविल हॉस्पिटल लांजी को कोरोना काल के बाद अपनी निधि से प्रसूति महिला एवं गरीब उपचारार्थियों के लिए सिविल अस्पताल लांजी को सोनोग्राफी मशीन दी गई थी, पूर्व में इस मशीन द्वारा सप्ताह में एक बार स्कैनिंग कार्य किया जा रहा था ,किंतु विगत कुछ समय से यह शिकायत प्राप्त हो रही है कि यह मशीन बंद पड़ी हुई है ,सोनोग्राफी मशीन का कुशल टेक्नीशियन नहीं होने से लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है! जिसके फल स्वरुप आमजन को सोनोग्राफी के लिए अन्य शहर जैसे गोंदिया ,बालाघाट जाकर 2500 से ?3000 तक खर्च करने पड़ रहे हैं, प्रस्तुति महिलाओं को अन्य शहर आने-जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है, महोदय जी यहां यह एक और लांजी सिविल अस्पताल को नेशनल क्वालिटी मैनेजमेंट टीम द्वारा बुनियादी अच्छी मेडिकल सुविधाओं के लिए रैंकिंग प्राप्त हो रही है वहीं दूसरी ओर यहां आने वाले मरीजों को सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, यह विरोधाभास क्यों ? यदि इस मामले में अति शीघ्र कोई कदम शासन प्रशासन द्वारा नहीं उठाया जाता है तो मजबूरन हमें अस्पताल प्रशासन के समक्ष धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जीसकी जवाबदारी स्वयं शासन प्रशासन की होगी ।

# अवैध रूप से भंडारित 350 ट्रॉली रेत पर प्रशासन की संयुक्त छापामार कार्रवाई

## ग्राम खैरी में लावारिश हालत में मिला रेत का बड़ा भंडारण, सरपंच को देखरेख के निर्देश

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 16 मई 2026 को नायब तहसीलदार एवं खनि निरीक्षक, जिला बालाघाट द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई करते हुए तहसील बालाघाट अंतर्गत ग्राम खैरी में अवैध रूप से भंडारित खनिज रेत के बड़े भंडारण का मामला सामने आया।



उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि संयुक्त जांच दल द्वारा मौके पर निरीक्षण करने पर लगभग 350 ट्रॉली खनिज रेत लावारिश हालत में पाई गई। टीम ने तत्काल मौके की जांच कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की। पूछताछ के दौरान ग्राम पंचायत खैरी के सरपंच द्वारा बताया गया कि उक्त खनिज रेत पूर्व से ही जप्त की गई थी तथा वर्तमान में उनकी सुपुर्दगी में रखी गई है।

प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत खैरी के सरपंच को निर्देशित किया गया कि सुपुर्दगी में रखी गई उक्त जप्त खनिज रेत की आगामी आदेश तक सुरक्षित देखरेख सुनिश्चित की जाए तथा बिना अनुमति किसी प्रकार का परिवहन अथवा उपयोग न होने दिया जाए।

खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई से अवैध खनिज कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध आगे भी लगातार सघन अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

**बालाघाट।** एन.सी.सी. के दस दिवसीय 97वें संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-97) के तीसरे दिन की शुरुआत प्रात:कालीन पीटी एवं योग अभ्यास के साथ हुई। शिविर में कैडेट्स को शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं अनुशासित बनाए रखने के उद्देश्य से नियमित व्यायाम एवं योग कराया गया।

शिविर के दौरान जिन कैडेट्स को पूर्व में फायरिंग का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया था, उन्हें भरवेली फायरिंग रेंज में ले जाकर फायरिंग अभ्यास कराया गया। वहीं अगले दिन फायरिंग में शामिल होने वाले कैडेट्स को शिविर परिसर में शस्त्र संचालन एवं फायरिंग संबंधी प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इसके बाद कैडेट्स की ड्रिल प्रैक्टिस एवं नियमित एनसीसी कक्षाओं का संचालन किया गया, जिसमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया।

सांयकालीन सत्र में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल की टीम ने श्री करण सिंह वल्के के नेतृत्व में कैडेट्स को आपदा प्रबंधन एवं बचाव कार्यों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। टीम द्वारा बाढ़, भूकंप, आगजनी एवं अन्य प्राकृतिक अथवा मानव निर्मित आपदाओं के दौरान तत्काल राहत एवं बचाव कार्य कैसे किया जाए, इसके व्यावहारिक उपाय बताए गए।

# मुख्यमंत्री की 'कृपा' या राजनीतिक रणनीति?

## बालाघाट में विपक्ष की खामोशी पर उठे सवाल, जनता पूछ रही 'विरोध कहां गया?'

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश की राजनीति में इन दिनों बालाघाट जिले की तस्वीर सबसे ज्यादा चर्चा में है। जिले के चारों कांग्रेस विधायक जिस तरह भाजपा सरकार के*खिलाफ लगभग मौन* दिखाई दे रहे हैं, उसने राजनीतिक गलियारों से लेकर आम जनता तक में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। न सड़क पर बड़ा आंदोलन, न सदन में तीखा विरोध और न ही प्रशासन के खिलाफ खुलकर आक्रामक रुख — आखिर इसकी वजह क्या है?

राजनीतिक समीक्षकों का कहना है कि यह कोई सामान्य स्थिति नहीं, बल्कि सत्ता और विपक्ष के बीच 'समझदारी वाली राजनीति' का परिणाम है। चर्चा है कि मुख्यमंत्री ने जिले के कांग्रेस विधायकों से अलग-अलग मुलाकात कर उन्हें विकास कार्यों और क्षेत्रीय मांगों के नाम पर साध लिया। संदेश साफ बताया जा रहा है — 'काम कराओ, क्षेत्र की मांग रखो, हर बात पर सरकार के खिलाफ चिल्लाने की जरूरत क्या है?'

इसी के बाद जिले में प्रशासनिक रवैये में भी बड़ा बदलाव दिखाई देने लगा। सूत्रों का दावा है कि कलेक्टर और अन्य अधिकारियों को भी संकेत दिए गए कि विपक्षी विधायकों को पूरी प्राथमिकता दी जाए। परिणाम अब खुलकर सामने दिखाई दे रहे हैं। जिन मुद्दों पर विपक्ष को सरकार को घेरना चाहिए था, वहां अब चुप्पी है।

सबसे ज्यादा चर्चा बालाघाट विधानसभा क्षेत्र की हो रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की विशेष कृपा विधायक अनुभा मुंजारे पर लगातार बनी हुई है। आरोप यह है कि विधायक द्वारा रखी जा रही अधिकांश मांगें तेजी से स्वीकृत हो रही हैं।

लालबर्रा-बोरी मार्ग पर शर्राटी नदी का पुल इसका सबसे बड़ा उदाहरण बताया जा रहा है। यह वही पुल है जिसका हिस्सा बारिश में बह गया था और जिसकी डिजाइन व निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठे थे। चुनाव के दौरान यह बड़ा मुद्दा बना था। क्षेत्र की जनता को उम्मीद थी कि नई विधायक इस मामले में पूर्व मंत्री, ठेकेदारों, इंजीनियरों और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जांच की मांग करेंगी। लेकिन हुआ इसका उल्टा।

अब उसी पुल के रखरखाव और पुनर्निर्माण के नाम पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत होने की चर्चा है। जबकि स्थानीय जानकारों का दावा है कि वास्तविक कार्य 20 से 25 लाख रुपये में पूरा हो सकता है। ऐसे में जनता के बीच सवाल उठ रहा है कि आखिर इतनी बड़ी राशि क्यों? क्या यह सिर्फ विकास है या फिर 'बंदरबांट' की तैयारी?

राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि जिले में कई ऐसे निर्माण कार्य हैं जिनमें पहले भ्रष्टाचार और गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे। जनता जांच चाहती थी, लेकिन अब उन्हीं कार्यों को नई स्वीकृतियां मिल रही हैं। कुछ प्रस्ताव विचाराधीन बताए जा रहे हैं। समीक्षकों का कहना है कि यह सब सत्ता और विपक्ष के बीच बढ़ती नजदीकियों का परिणाम है।

स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि लोग तंज कस रहे हैं — 'बालाघाट में अब सरकार और विपक्ष अलग नहीं दिखते।' जिले के छह विधायक और सांसद सत्ता से तालमेल की राजनीति में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं, जबकि जनता विपक्ष से संघर्ष की उम्मीद कर रही थी।

चर्चा यह भी है कि भोपाल में जहां विधायकों को आवास आवंटित हैं, वहीं बालाघाट में भी कांग्रेस विधायकों को कार्यालय संचालन के लिए सरकारी सुविधाएं और आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विरोधियों का आरोप है कि यह सब सरकार के खिलाफ आवाज धीमी रखने की राजनीतिक कीमत है।

अब बड़ा सवाल यही है — क्या विकास कार्यों के नाम पर विपक्ष की धार कुंद हो चुकी है? या फिर बालाघाट की राजनीति में कोई नई 'समझौता संस्कृति' जन्म ले चुकी है? जनता जवाब चाहती है।



# उप संचालक का पदभार ग्रहण करते ही एक्शन में डॉ . परते

**कंटगी और खैरलांजी विकासखंड का किया निरीक्षण**

**नवभारत कंटगी 17 मई।** प्रदेश सरकार की मंशानुरूप इस समय सारा सरकारी तंत्र एक्शन में है । प्रादेशिक स्तर पर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव से लेकर संभाग में कमिश्नर और जिले स्तर पर कलेक्टर भी जमीनी स्तर तक लगातार दौरे कर विभागीय समीक्षा बैठकों का आयोजन कर क्षेत्रीय अमले की कसावट में लगे हैं।

जिले के मुखिया मृणाल मीणा कलेक्टर का अनुशरण करते हुये नव-नियुक्त उप संचालक डेयरी एवं पशु पालन डॉ. घनश्याम परते भी हरकत में आ गये हैं तथा अपनी चिर-परिचित कार्यशैली का परिचय देते हुए स्थानीय पशु पालकों किसानों से भेंट देकर उनकी समस्या सुनकर शासकीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारना शुरू कर दिया है ।

### समीक्षा बैठक आयोजित की

विभागीय कार्यों में गति लाने तथा स्थानीय अमले को लाईन-अप करने के संकल्प के साथ पदभार ग्रहण के अगले ही दिन डॉ. परते द्वारा कटंगी तथा खैरलांजी विकासखण्डों का दौरा कर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.अक्षय साहू, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ.देवव्रत डेहरिया सहित विभागीय सम्पूर्ण क्षेत्रीय अमला उपस्थित रहा।

### वेतन रोकने की दी चेतावनी

नस्ल सुधार कार्यक्रम के तहत कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, बीमारी की रोकथाम के लिये सघन एफएमडी टीकाकरण कार्यक्रम तथा दुग्ध उत्पादन में वृद्धि को लेकर चलाई जा रही डॉ. अम्बेडकर कामधेनु योजना एवं क्षीरधारा ग्राम योजना तथा पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड जैसी संवेदनशील गतिविधियों की समीक्षा के दौरान कार्यों में कम प्रगति लाने वाले तथा विभागीय कार्यों के प्रति अरुचि दिखाने वाले क्षेत्रीय अधिकारियों कापगते तथा पल्लवी राहंगडाले के वेतन रोकने जैसे चेतावनी भरे कड़े पत्र भी उप संचालक ने जारी किया है ।

# डाक बांटने निकले पोस्टमैन की कमरे में बंद कर की पिटाई

**शराबियों ने मोबाइल छीना और तोड़ा, डाककर्मी बैठे सांकेतिक धरने पर, आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग**

**नवभारत, कंटगी 17 मई।** बालाघाट जिले के कटंगी थाना अंतर्गत कटंगी वार्ड नंबर 15 सिवनी रोड में 15 मई की दोपहर करीब 1:30 बजे कटंगी पोस्ट ऑफिस में कार्य करने वाले पोस्टमैन की शराब के नशे में चूर पांच लोगों द्वारा पिटाई कर दी गई।

कटंगी पोस्ट ऑफिस में पदस्थ अनमोल पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन की तरह में पोस्ट ऑफिस से शहर में डाक वितरण करने निकला था। सिवनी रोड पहुंचा तो मैंने पूछा सतीश हिरकने कहाँ रहते हैं तो शराबी लड़कों ने कहा क यहीं रहते हैं। उनका लिफाफा दे दो तो मैंने दे दिया। उन्होंने कहा कि आओ अंदर कमरे में आ जाओ तो मैंने कहा कि आप जल्दी सिग्नेचर कर दो मुझे जाना है, तो मुझे कहने लगे तेज आवाज में बात करता है और अचानक पांचों लोगों द्वारा मुझे कमरे में बंद कर मारपीट की गई।



### कटंगी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

इस दौरान मेरा मोबाइल ले लिया और तोड़ दिया गया। जैसे तैसे मैं वहां से भागने में सफल हुआ और पोस्ट ऑफिस के निरीक्षक मुकेश सोनी और कन्हैयालाल कठौते को जानकारी दी। इस घटना की रिपोर्ट सह कर्मियों के साथ जाकर 15 मई को कटंगी थाने में दर्ज कराई।

### कर्मचारियों ने दिया सांकेतिक धरना

पोस्टमैन के साथ हुई घटना को लेकर कटंगी डाकघर के समस्त कर्मचारी 16 मई को अपने ऑफिस के सामने सांकेतिक धरने पर बैठकर और उन्होंने इस घटना की निंदा की और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की कहा कि हम सेवक है घर-घर डाक पहुंचते हैं और हमारे साथ इस प्रकार की घटना बहुत गलत है

### विभिन्न धाराओं के तहत दो लोगों पर मामला दर्ज

कटंगी पुलिस में जानकारी देते हुए बताएं कि डाक कुर्मी अनमोल पटले ने कटंगी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई की शराब के नशे में पांच लोगों द्वारा उनके साथ मारपीट की गई, परंतु उन्होंने बताया मैं सिर्फ दो लोगों को पहचानता हूं। उनकी पहचान के आधार पर कटंगी पुलिस द्वारा कटंगी शिवनी रोड निवासी रुपेश हुमनेकर और कपिल देशमुख के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# अवैध शराब के कारोबार से जुड़ा तस्कर पकड़ाया

**जबलपुर।** शहपुरा पुलिस ने ग्राम नटवारा-बरगी अहरोरा क्षेत्र में दबिश देकर एक आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 350 पाव देशी शराब व एक्सिस वाहन जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की ।पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बरगी अहरोरा क्षेत्र में दबिश दी। जहां नहर पुलिया के पास एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेड सी 1892 आते दिखी। जिससे घेराबंदी कर रोका गया। एक्सिस का चालक वाहन छोड़कर भागने लगा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा।